भीलवाड़ा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और जाम का होगा स्थाई समाधान : सांसद अग्रवाल

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा रेडक्रास सोसाइटी का ऐम्बुलेंस के भव्य लोकार्पण कार्यक्रम आज समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ।

जानकारी की देते हुए रमेश मून्दडा ने बताया कि सर्वप्रथम संस्था चैयरमेन लादूराम बांगड ने आये हुये सभी अतिथियों का स्वागत किया। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए बांगड ने रेडक्रास सोसाइटी की गतिविधियों पर प्रकाश डाला ओर सांसद दामोदर अग्रवाल द्वारा भीलवाडा में किये जा रहे विभिन्न क्षेत्रों में विकास की भागीरथी प्रयासों की सराहना की ओर अपनी ओर से विश्वास दिलाया कि दामोदर अग्रवाल द्वारा किये जा रहे विकास के योगदान के साथ उधोगपतियों के साथ भीलवाडा वासी दामोदर अग्रवाल के साथ विकसित भीलवाडा की संकल्पना को साकार करेंगे।

समारोह को संस्था चैयरमेन लादूराम बांगड (बाएं से तीसरे) ने सम्बोधित किया।

इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि भीलवाडा शहर की सबसे बडी समस्या ट्रैफिक व्यवस्था और रोजाना लगने वाले यातायात जाम की है और इसका हल केवल आरओबी नहीं है बल्कि आने वाले अगले 20 सालो को नजर रखते हुए स्थाई समाधान की जरूरत है और इसके लिए शहर के विधायक, जनप्रतिनिधियों तथा जिला कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के साथ बैठकर इस पर अलग-अलग सुझावों के साथ काफी मंथन हुआ और उसके बाद सर्व सम्मति से एक निर्णय लिया गया कि गायत्री आश्रम से लेकर राम धाम तक एलीवेट रोड का निर्माण किया जाएगा। इस पूरी योजना पर लाखों के 300 करोड रुपए खर्च होंगे इसका प्रस्ताव बनाकर स्वायत शासन विभाग को भेज दिया गया है और स्वायत शासन विभाग ने इसका प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को मंजूरी के लिए दिया है।सांसद अठावाल ने कहा कि शहर के सभी कॉलोनी वासियों को पीने का मीठा पानी उपलब्ध हो इसके लिए अमृत योजना की क्रियान्वित्ती शुरू हो गई है सांसद अठावाल ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी के विजन 2047 में भारत कैसा होगा इसी को लेकर योजना में बनाई जा रही है । उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य शहर और जिले की जनता की समस्याओं का समाधान हो और जिले का विकास हो ।

सांसद अग्रवाल ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए समिति के नए भवन या वर्तमान भवन के बहुउद्देशीय हाल के लिए डीएमएफटी फंड से एक करोड़ 20 लाख रुपए की स्वीकृति होने की घोषणा की। मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ चैतन्य पुरी गोस्वामी ने जिले में ऐम्बुलेंस बेड़े में सुविधा बढ़ने

- **इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की एंबुलेंस का भव्य लोकार्पण**

पर रेडक्रास सोसाइटी को बधाई प्रेषित की जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने रेडक्रास सोसाइटी द्वारा चालक ओर परिचालक के ड्राइविंग लाइसेंस हेतु प्राथमिक प्रशिक्षण कार्यक्रम को बहुत उपयोगी बताया।

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष कंवर लाल पोरवाल, कान्तिलाल जेन, अरविन्द चांडक, संजय राठी डा. शान्तनु टांक,चेतन मानसिहंका, सत्यनारायण समदानी, दयाराम दिव्य, केसी सोनी, केलाश काबरा, प्रहलाद राय अजमेरा, विनोद झुरानी, देवेंद्र डाणी, पुष्पेंद्र बंसल , प्रवेश डाड, राजू जाट, मनोज रामावत ,कन्हैयालाल स्वर्णकार , कल्पेश सोमानी, अरुण शर्मा अजीब भुपेन्द्र दत्ता, आर के जैन, मिलाप कोठारी, रजनीकांत ओदिच्य, विजया सुराणा,लंकेश पाराशर सहित सोसायटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर सराहनीय कार्य के लिए डा. आलोक मित्तल का शाल ओर पगडी पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन सयुंक्त सचिव सुशील मरोठिया ने किया।अंत में समिति के मानद सचिव रमेश मून्दडा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

सेवानिवृत कर्मचारियों को दीपावली बोनस देने की मांग

अजमेर, (कासं)। सेवानिवृत राज्य कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के बैनर तले सोमवार को कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट के मुख्यद्वार पर प्रर्दशन कर राज्य सरकार से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दीपावली पर बोनस उपहार स्वरूप देने की मांग की है।

समिति के अध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि जिन सेवानिवृत कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल में अपनी पूरी जवानी और आधा बुढापा सरकार को समर्पित कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाकर अंतिम छोर पर बसे जरूरतमंदों को लाभांवित किया उनकी इस अनुकरणीय सेवाओं को ध्यान में रखकर प्रत्येक पेंशनर्स को दीपावली के पावन पर्व पर दो-दो हजार रुपए दीपावली उपहार के रूप में देने की मांग की है। उन्होने बताया कि प्रदेश में डबल इंजन की जन कल्याणकारी सरकार के लिए प्रदेश के सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए दीपावली पूर्व दीपावली उपहार देना कोई बडी बात नहीं है सरकार की इस अनुकरणीय पहल कर एक मिसाल कायम करे।

प्रदर्शन व ज्ञापन देने वालों में राधेश्याम गहलोत अर्जुन सिंह, हरिसिंह सोलंकि, मोहम्मद अयूब, केसर सिंह भाटी, जगदीश प्रसाद वैष्णव, मोती लाल औंकार लाल, घनश्याम कुमावत, भंवर सिंह राजावत, विष्णु कुमार, नाथुलाल लखन, अमर सिंह खीचि, किशोर दत्त, नारायण सिंह, भंवर सिंह चौहार, सूनील जार्ज, भंवर सिंह आदि मौजूद थे।

कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी चढ़ा हत्थे

अजमेर, (कासं)। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने युवक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में उपयोग में ली गई धारदार कुल्हाड़ी भी जब्त की है। पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी ने पीडित् युवक पर हमला किया था, पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी अरविंद चारण से प्राप्त जानकारी के अनुसार माकड़वाली निवासी मनीष पुत्र चंद्रपाल ने थाने पर उपस्थित होकर मुकदमा दर्ज करवाया था। पीडित् ने शिकायत देकर बताया कि 19 अगस्त 2024 को उसके गांव के बाहर पुराने हाईवे पर महाराज की चाय की दुकान पर चाय पी रहा था। तभी उसके पड़ोस में रहने वाले मनोज और उसके साथ दो लडक़े राजेश और काना आए और उसके साथ मारपीट की गई। 2 आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और मनोज ने उसके पैर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों आरोपियों ने उसे जान से मारने की कोशिश की और उसे धमकी भी दी गई। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर टीम का गठन किया और कार्रवाई के निर्देश दिए।

पुरानी रंजिश के चलते किया हमला:- थाना प्रभारी चारण ने बताया कि टीम के द्वारा कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी माकड़ वाली निवासी मनोज पुत्र बाबूलाल वाल्मीकि को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से धारदार कुल्हाड़ी बरामद की गई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते हमला किया था।

आम सूचना

हर आमोखास को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार श्योकरण पुत्र नानू जाति गुर्जर निवासी ग्राम नयागांव तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान की कृषि भूमि वाके ग्राम नयागांव पटवार हल्का बीती भू.अ.नि. क्षेत्र बरणा तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान में खसरा संख्या 513 क्षेत्रफल 0.6068 हैक्टेयर (किस्म बारानी-3) में अवस्थित है, जिसके संबंध में तथ्य छिपाकर श्रीमति लाली देवी पत्नी मेवाराम जाति गुर्जर निवासी नयागांव तहसील किशनगढ़ द्वारा मेरे पक्षकार से अपने पक्ष में दिनांक 24 अगस्त 2024 को अविधिक दस्तावेज (मुख्तयारनामा) निष्पादित कराया था। उक्त मुख्तयारनामा को मेरे पक्षकार द्वारा निरस्त/समाप्त किया जाता है। उक्त मुख्तयारनामा के जरिये कोई संव्यवहार किया गया हो अथवा किया जाता है तो वह अवैध एंव शून्य होगा, और यदि कोई भी आमजन मुख्तयारनामा के जरिये कोई भी लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इस हेतु मेरे पक्षकार किसी प्रकार से जिम्मेदार अथवा दायित्वाधिन नहीं होंगे। अतः सूचित रहे।
एडवोकेट-प्रतिक मेहता, बोहरा हाउस, सदर बाजार, पुराना शहर किशनगढ़ (अजमेर) M-9828154336

उत्तर पश्चिम रेलवे

निविदा सूचना

No: XEN/WS/All/E-Tender/13/2024-25 dated : 04.10.2024
निम्नलिखित कार्य/कार्यों हेतु कार्यपालक इंजीनियर (कारखाना) लोको - अजमेर के कार्यालय से ई निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। 1. निविदा सं. : 13-वर्कशाप-अजमेर-2024-25 **कार्य का नाम** : अजमेर कंस्ट्रक्शन ऑफ गोडाउन विथ मेटेरियल हैंडलिंग इक्यूपमेंट्स, पेलेट्स, हैण्ड ट्राली, बिन्स, फर्नीचर एंड आइ टी इंफ्रास्ट्रक्चर इन वैगन स्टोर डिपोट अजमेर । **अनुमानित लागतः** रू.11937191.97 **धरोहर राशि/बिड सिक्यूरिटी** : रू.209700/- **निविदा की अंतिम तिथी** : 04.11.2024 को 15.00 बजे तक उपरोक्त ई निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर तथा इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध हैं। 1158-CR/24
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

बालक की सर्प दंश से मौत

मसूदा, (निसं)। मसूदा उपखण्ड क्षेत्र की ठाम पंचायत शेरगढ़ के ठाम बाडोताका बाड़िया निवासी शिवराज सिंह पुत्र महेंद्र सिंह जाति रावत की सर्प के काटने से मौत हो गई ।

घटना की जानकारी मसूदा पुलिस को दी गई ।मसूदा पुलिस घटना की सूचना पर चिकित्सालय पहुँचकर मृतक शिवराज का शव को कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौप कर मामला दर्ज कर जांच में जुटी । जानकारी के अनुसार मृतक के काका ने बताया कि मकान के पास खेत पर सो रहे थे।रात्रि को लगभग 2व 3 बजे सर्प के काटने की आसान तो अभी दाएं हाथ की उंगली पर काट लिया है उसके बाद तत्काल अचेत अवस्था में मसूदा चिकित्सालय लाते समय रास्ते में शिवराज ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने मसूदा चिकित्सालय में जांच करवाने पर डॉक्टरों ने शिवराज को मृत घोषित कर दिया । घटना की सूचना मिलने पर चिकित्सालय में मसूदा विधायक ,ठामीण व परिजनों की भीड़ एकत्रित हो गई।

जनक दुलारी को ब्याहने निकले रघुवीर

- **शहरवासी बने बाराती, धूमधाम से निकाली राम बारात**
- **झांकियों ने मोहा मन, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत**

अजमेर, (कासं)। जवाहर रंगमंच पर नगर निगम के तत्वावधान में रामकृष्ण ब्रज लोक कला केन्द्र मंडल की ओर से प्रस्तुत रामलीला के दौरान सोमवार को राजसी ठाठबाट व गाजे-बाजे के साथ जनक दुलारी को ब्याहने के लिए रघुवीर की राम बारात निकाली गई। राम-जानकी के पात्र में शृंगारित दूल्हा-दुल्हन की तरह सजे-धजे नजर आए। राम बारात में शहरवासी बाराती बने तो वहीं शहर भर में जगह-जगह राम बारात का भव्य स्वागत हुआ।

नगर निगम की ओर से जवाहर रंगमंच में चल रही रामलीला के अंतर्गत सोमवार को श्रीराम बारात निकाली गई। नगर निगम की मेयर ब्रज लता हाड़ा व डिप्टी मेयर नीरज जैन सहित निगम पार्षदों ने श्रीराम की पूजा अर्चना कर राम बारात को रवाना किया। राम बारात शाम 4 बजे नगर निगम से प्रारंभ हुई जो चूड़ी बाजार, गोल प्याऊ, नया बाजार चौपड़, आगरागेट गणेशजी मंदिर, सोनीजी की नसियां, फव्वारा सर्किल, सुभाष उद्यान, बजरंगगढ़ सर्किल से होते हुए जवाहर रंगमंच पहुंची। राम लक्ष्मण जानकी के पात्रों को मंच तक ले जाया गया, यहां विविधत राम विवाह संबंधी प्रसंगों का मंचन किया गया। राम बारात में गुरु विशिष्ट, विश्वामित्र, दशरथ, सुमंत चंद्र व सूर्य देवता बने पात्र भी मौजूद रहे।

झांकियों ने मोहा मन : राम बारात की शोभायात्रा में सामाजिक संदेश देते हुए चल रही झांकियों सहित 4 सजीव झांकियां ने लोगों को मन मोह लिया। कलाकारों के 2 दल कच्छी घोड़ी नृत्य की प्रस्तुति देते हुए लोक कला के रंग बिखेर रहे थे। राजस्थानी लोक कला को प्रस्तुत करते 30 कलाकारों के दल के लोक कलाकार कजरी नृत्य और चकरी नृत्य से राजस्थानी आभा बिखेरते हुए चल रहे थे, बैंड, काली मां के अखाड़े, ढोलबाजों के साथ झांकियां चल रही थी। राम बारात जिन मार्गों से गुजरी वहां विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने आरती कर भव्य स्वागत किया गया और आतिशबाजी की गई।

16 साल पहले हुई थी शुरुआत :- डिप्टी मेयर नीरज जैन ने बताया कि 16 वर्ष पहले नगर परिषद के तत्कालीन सभापति वीर कुमार ने रामलीला की शुरुआत की थी। आज भी रामलीला की परंपरा को निभाया जा रहा है। यह अपने आप में महत्वपूर्ण बात है कि पिछले 16 वर्षों से वृंदावन स्थित श्रीराम कृष्ण ब्रज लोक कला केंद्र के कलाकार अजमेर में रामलीला कर रहे हैं।

'बजट घोषणाओं पर शीघ्र अमल करें विभाग'

अजमेर, (कासं)। अतिरिक्त जिला कलैक्टर ज्योति ककवानी ने विभिन्न विभागों को निर्देश दिए हैं कि राज्य बजट में की गई घोषणाओं से संबंधित कार्य शीघ्र शुरू करवाएं। साथ ही कार्य त्वरित गति से करें। भूमि आवंटन संबंधी कार्यवाही जल्द पूर्ण कर प्रगति से अवगत कराएं। सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों का तय समय में निस्तारण किया जाए।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर ज्योति ककवानी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित साप्ताहिक समन्वय बैठक में कहा कि राज्य सरकार के स्तर से बजट घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग हो रही है। विभाग अपनी बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए त्वरित कार्रवाई एवं फॉलोअप करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ऊर्जा विभाग सौर ठाम योजना से संबंधित ग्राम पंचायत का चयन करें। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को देवनारायण बालिका छात्रावास से संबंधित प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए।

नैतिकता का संदेश दिया

अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के छठे दिन बी.एल. सामरा ने बच्चों को नैतिकत का पाठ पढाया।

अजमेर (कासं)। अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के छठे दिन अणुव्रत समिति ने अजमेर के दयानंद बाल आश्रम में अनुशासन दिवस के अवसर संस्थान के बच्चों में संस्कार संयम और अनुशासन का पाठ पढ़ाने के लिए समिति के अध्यक्ष बी एल सामरा ने आश्रम के छात्र-छात्राओं को संबोधित किया तथा अनुशासन, संयम और नैतिकता के लिए विद्यार्थी अणु व्रत की आचार संहिता के संकल्प करवा कर सभी उपस्थित प्रेरणा दी।

संस्थान के छात्र-छात्राओं तथा स्टाफ के द्वारा अणुव्रत संकल्प स्वीकार किए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में सहायक व्यवस्थापक अमर सिंह द्वारा अणुव्रत समिति के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया तथा अणुव्रत समिति के अध्यक्ष बी एल सामरा को प्रबंधन की ओर से नवरात्रि का दुपट्टा पहना गया। समिति के अध्यक्ष सामरा द्वारा इसके लिए दयानंद बाल सदन के व्यवस्थापक जी का कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग के लिए आभार प्रकट किया गया । आज के आयोजन में अणुव्रत समिति के अध्यक्ष बी एल सामरा तथा उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र छाजेड ने भाग लिया।

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आदेश 22 नियम 4 सी.पी.सी.)
न्यायालयः श्रीमान् अपर जिला न्यायाधीश जी, कुचामन सिटी
महेन्द्र सिंह वगेरह बनाम बग्स सिंह वगेरह
दावा बाबत् बंटवारा व निषेधाज्ञा
मुकदमा संख्या 68/21

बनाम-
मुसम्मी :-
1. भानुप्रताप सिंह पुत्र स्व. श्री हिम्मतसिंह राजपूत साकिन मिठडी तहसील नावां जिला डीडवाना-कुचामन
2. सुमनकंवर पत्नी स्व0 श्री हिम्मतसिंह राजपूत साकिन मिठडी तहसील नावां जिला डीडवाना-कुचामन
3. नितिन पुत्र स्व0 श्री हिम्मत सिंह राजपूत साकिन मिठडी तहसील नावां जिला डीडवाना-कुचामन

चूंकि वादीगण ने इस अदालत में प्रकरण महेन्द्रसिंह बनाम बगससिंह दायर किया। जिमे लक्ष्मणसिंह प्रतिवादी संख्या 5 की मृत्यु हो गई आप मुलवक्षी प्रतिवादी लक्ष्मणसिंह के कायम मुकाम हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप प्रतिवादी संख्या 5/1, 5/2, 5/3 बनाये जावे।
लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाब देही आप दिनांक 9/10/2024 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर नहीं होने पर मुकदमा आपकी गैरहाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा। बदस्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 06/10/24 को जारी किया गया ।
मोहर अदालत
आदेशानुसार-रीडर
अपर सैशन न्यायाधीश
कुचामन सिटी जिला नागौर (राज.)

दो युवकों ने महिला राइडर से की बदसलूकी

- **हेलमेट में लगे कैमरे में कैद वारदात**
- **गंज थाने में दी शिकायत, परिवार ने मांगी माफी**

अजमेर, (कासं)। गंज थाना क्षेत्र में एक महिला बाइक राइडर पूजा व दोस्त के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया। बाइक राइडर ने थाने में शिकायत देते हुए युवकों द्वारा की गई बदसलूकी का वीडियो भी पुलिस को दिखाया। पुलिस कार्यवाही पर हमलावर युवक परिवार के साथ गंज थाने पहुंचे और महिला राइडर से हाथ जोडक़र माफी मांगी, जिस पर उसने माफ कर दिया। महिला बाइक राइडर ने कहा कि गलत चीजों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

बाइक राइडर काशीपुर उत्तराखंड निवासी पूजा ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 सितंबर को वह और उनका साथी मोहित जोधपुर से अजमेर राइड करती हुई पहुंची थी। अजमेर के पुष्कर रोड पर उनकी बिल्ली के बच्चे को टॉयलेट कराने जैसे ही वह रुकी। इसी दौरान एक व्यक्ति आया और कहने लगा कि यहां पर बिल्ली के बच्चे को बाथरूम क्यों करवा रहे हो और पूजा से कहने लगा कि आप यहां से इस बच्चे को लेकर रवाना हो जाइए वरना अच्छा नहीं होगा। फिर दूसरा व्यक्ति आया और पूजा से कहने लगा कि ज्यादा बहस मत करो और पूजा को धमकाने लगा। इसी दौरान पूजा से दोनों व्यक्तियों ने धक्का मुक्की करते हुए मारपीट भी कर दी।

हमलावर युवक ने मांगी माफी:- पूजा ने बताया कि कुछ लोगों ने उन पर हाथ भी उठाया और उनकी बिल्ली के बच्चे को लात मारी। इस मामले में पूजा ने अपने हेलमेट पर लगाए कैमरे की फुटेज गंज थाना पुलिस को देकर दोनों व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कही, पुलिस ने वीडियो फुटेज चेक किया जिसमें दो व्यक्ति पूजा के साथ धक्का मुक्की करते हुए नजर आ रहे है। वीडियो के आधार पर दोनों व्यक्तियों को पुलिस चौकी बुलाया गया, जहां पुलिस कार्रवाई के डर से दोनों व्यक्तियों ने राइडर पूजा से हाथ जोड़ कर की गई गलती की माफी मांगी।

शक्ति पूजा 9 को

अजमेर, (कासं)। शुभदा के स्पेशल बच्चों को सामाजिक माहौल से जुड़े रहने के उद्देश्य से प्रत्येक पर्व, त्यौहार एवं उत्सव आयोजित किए जाते है। इसी कड़ी में 9 अक्टूबर को नवरात्रि स्पेशल में विशेष बच्चों के साथ मनाया जाएगा। शारदीय नवरात्रों के पावन अवसर पर कन्याओं का शृंगार कर शक्ति के रूप में पूजा की जाएगी। माता की आरती होगी और भोग लगाया जाएगा उसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। 38वें नि:शक्त की शक्ति पूजा कार्यक्रम में अजमेर के सरकारी व गैर सरकारी संस्था के पदाधिकारी व सदस्य सहित सोशल क्लब, शहर के प्रतिष्ठित स्कूल के बच्चे और शिक्षक तथा शहर के गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

आंदोलन की चेतावनी दी

मसूदा, (निसं)। सोमवार को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा ब्यावर और अजमेर द्वारा उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जिसमें बताया कि 4 अक्टूबर को मसूदा के मुख्य बाजार में संयुक्त रूप से एक राय होकर साजिश पूर्व जानलेवा हमला करने के विरोध में जांगिड़ समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने की मांग करते हुए उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई हो और बताया कि 4 अक्टूबर को दिनदहाड़े महावीर पुत्र मूलचंद खाती जो की मुख्य बाजार में हार्डवेयर की दुकान करता है। उक्त दिनांक को दिनदहाड़े असामाजिक तत्वों द्वारा लाठी व सरियों से जानलेवा हमला किया गया तथा लूट की वारदात को अंजाम दिया गया।

उक्त घटना में महावीर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज चिकित्सालय में चल रहा है वक्त घटना को योजना पर तरीके से अंजाम देने वाले अभिव्यक्तों में से कुछ लोगों को गिरफ्तार कर इति श्री कर ली गई है। जबकि आज भी अभियुक्त खुलेआम घूम रहे हैं। ओके घटना कार्य करने के कुछ आदतन महिलाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। जोकि सीटीटीवीकमरे में साफ दिखाई दे रही है। इन्हें पुलिस द्वारा आज 4 दिन भी जाने के बाद भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। योजना पर तरीके से साजिश पूर्ण इस जानलेवा हमला करने वालों के खिलाफ जांगिड़ समाज एकजुट है।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की किशनीपुरा योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 46-A खसरा नं. 1612 क्षेत्रफल 128.89 आवंटी/अन्तरिति श्री किशन चन्द खटवानी पुत्र मिर्चूमल खटवानी निवासी 219/21 गोपालगंज नसीराबाद रोड अजमेर की मृत्यु दिनांक 10/7/2022 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों (1) श्रीमती राधा देवी पत्नि स्व. किशन चन्द खटवानी (2) दिव्या खटवानी (3) प्रिया खटवानी पुत्रीगण स्व. किशन चन्द खटवानी (4) ललित खटवानी पुत्र स्व. किशन खटवानी निवासी 219/21 गोपालगंज नसीराबाद रोड अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार ललित खटवानी पुत्र स्व. किशन खटवानी निवासी 219/21 गोपालगंज नसीराबाद रोड अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 5/12/22 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.
क्रमांक/न.प.कि/भूमि/2024/555 दिनांक: 07/10/2024

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 637 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या 18 क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज में से विखण्डित भूखण्ड क्षेत्रफल 100.00 वर्गगज) पर 1. श्री बंसत कुमार शर्मा पुत्र श्री सुशील कुमार शर्मा 2. श्री नाथू लाल पुत्र श्री छोटू राम ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन चाहा गया है। जिसकी सीमाऐं निम्न प्रकार से है -
पूर्व में - भूखण्ड संख्या 03ए का शेष भाग पश्चिम में - 30 फीट चौड़ा रास्ता
उत्तर में - 30 फीट चौड़ा रास्ता दक्षिण में - भूखण्ड संख्या 02 (खसरा संख्या 371/2/2)
अतः उक्त उपविभाजन प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे। बाद-मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ऐतराज मान्य नहीं होगा। अतः सूचित रहे। प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़

सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ

अजमेर, (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने विधानसभा क्षेत्र के वार्ड सं. 32 में सार्वजनिक निर्माण विभाग अजमेर के विशेष मरम्मत कार्य 2024-25 के अंतर्गत 40.00 लाख रुपये की राषि से बनने वाली खानपुरा के पाल तालाब के बांध से अर्जुनलाल सेठी नगर (एनएच) तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। भदेल ने बताया कि इस बार अत्यधिक वर्षा होने के कारण कई क्षेत्रों में सडक जगह-जगह से क्षतिठास्त हो गई है जिसके कारण क्षेत्रवासियों एवं स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को आवागमन में काफी परेषानी का सामना करना पडता था इस सडक का निर्माण कार्य पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को एक सुगम मार्ग मिल सकेगा। साथ ही विधायक भदेल ने क्षेत्रवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शीघ्र ही इस वार्ड में 52 लाख रुपये की लागत से खानपुरा रामदेव मंदिर से खानपुरा पाल की तालाब तक डामर व सी.सी. सडक निर्माण कार्य का षिलान्यास होने वाला है।

आदर्श मण्डल अध्यक्ष रविन्द सिंह जादौन ने बताया कि भाजपा के राज में विकास कार्यो कि गंगा बही है। कई सारे विकास कार्य कांठोस के राज में षिलान्यास होने के बावजूद भी उन कार्यो पर रोक लगा दी गई लेकिन भाजपा सरकार में क्षेत्र की सभी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर आदर्ष मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र जादौन, शक्ति केन्द्र संयोजक गणेष रावत, सोहन शर्मा, ज्ञानचंद मालू, नरेन्द्र पटेल, जयसिंह, संपत, गोरधन, लाडू बना, गोपी, मन्नाराम, तेज सिंह, शैतान, धीरा सिंह आदि उपस्थित थे।

नाम परिवर्तन
मेरा नाम शादी से पूर्व पासपोर्ट में Bhavika samyani है और शादी के बाद अभी मेरे आधार कार्ड और सभी दस्तावेज में Bhavika budhwani के नाम से जाना जाता है, इसलिए मेरे नए पासपोर्ट में भी Bhavika budhwani के नाम से जाना जाए।
पता- गली नंबर 3, बलदेव नगर, शिव मंदिर के पास, अजमेर

नाम परिवर्तन
मैंने अपना नाम प्रज्वल Prajjwal से बदलकर प्रज्वल मालपानी Prajwal Malpani रख लिया है, भविष्य में सभी कार्यों के लिए मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। प्रज्वल मालपानी पुत्र श्री अखिलेश मालपानी निवासी 8वां माला, टावर 3, किशनगढ़ प्राइड, मदनगंज-किशनगढ़

मोनिका राठौड़ रलावता को डाक्टरेट की उपाधि मिली

श्री खुशालदास विश्वविद्यालय की ओर से मोनिका राठौड (बाएं से प्रथम) को उपाधि प्रदान की।

अजमेर, (कासं)। अजमेर शहर कांठोस के पूर्व अध्यक्ष, राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेठी के पूर्व सचिव व अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांठोस के प्रत्याक्षी महेन्द्र सिंह रलावता की भतीजी व पार्षद व पूर्व उपायुक्त गजेन्द्र सिंह रलावता की पुत्री मोनिका राठौड (रलावता) को श्री खुशालदास विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञान संकाय के रसायन विज्ञान में पीएचडी करने पर डॉक्टरेट (डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी) की उपाधि प्रदान की गई।

मोनिका के पीएचडी पूर्ण करने पर राजेन्द्र नरचल, राजनारायण आसोपा, सम्पत कोठारी, हेमेन्द्र सिंह मऊ, मुकेश सिंह राठौड, अहमद हुसैन, शहबाज खान, अकरम कुरैशी, शक्ति सिंह रलावता, भवानी सिंह रलावता, दीपेन्द्र सिंह रलावता, डॉ.अनुराग सिहं रलावता ने बधाई व शुभकामनाएं दी। मोनिका ने रसायन विज्ञान में स्नातक सोफिया कॉलेज अजमेर व स्नातोत्तर महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर से पूर्ण किया है।

'वार्डो को गोद दिलाने के करेंगे प्रयास'

अजमेर, (कासं) । पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ सोमवार को जवाहर लाल नेहरू अस्पताल अस्पताल पहुंचे और अस्पताल में भर्ती कांठोस ब्लॉक अध्यक्ष वाहिद मोहम्मद के भाई ईरशाद खान के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर अरविंद खरे से अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था सुविधाओं को लेकर चर्चा की। अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर अरविंद खरे ने पूर्व आरटीडीसी धर्मेंद्र राठौड़ से भामाशाह के माध्यम से वार्डो को गोद लेने संबंधी बातचीत कीए जिस पर राठौड़ ने भामाशाह के माध्यम वार्डो को गोद दिलाने के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान पार्षद नोरत गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र अठावाल, वाहिद मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.
क्रमांक/न.प.कि/भूमि/2024/553 दिनांक: 07/10/2024

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 371/2/6 पर स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 03ए क्षेत्रफल 195.